तारीख. हुक्म	हुक्म या कार्यवाही अज इजिशिल्यस जज **चिमना वगैरह बनाम जोराराम वगैरह, मुकदमा संख्या :— 26/2013**
18.07.2024	पत्रावली पेश हुई। उभयपक्षकारान् उपस्थित। उभयपक्षकारान् को पूर्व में दिनांक 06.07.2017 पेश राजीनामा पर सुना गया। वकील अप्रार्थीगण ने अपनी बहस में बताया की माफिक राजीनामा प्रार्थीगण के आगमन हेतु रास्ता राजस्व रेकर्ड में कटाण दर्ज किया जाता है तो हमें कोई आपत्ति नहीं है तथा उक्त रास्ते की प्रतिकर राशि बाबत् हम अप्रार्थीगण को कोई आपत्ति नहीं है। उक्तानुसार राजीनामा हो गया है। राजीनामा माफिक रास्ता रेकर्ड में दर्ज किया जावें अतः राजीनामा तस्दीक फरमावे। उक्त राजीनामे पर सुना जाकर राजीनामा तस्दीक किया जाता है तथा प्रार्थना–पत्र जरिये राजीनामा स्वीकार किया जाता है। अतः प्रकरण में दोनों पक्षों के मध्य राजीनामा हो जाने के कारण प्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है, तथा तहसीलदार सांचौर को आदेशित किया जाता है कि मौका फर्द दिनांक 16.09.2013 के अनुसार खसरा संख्या 295 रकबा 2.87 हैक्टेयर में से 15 फुट चौड़ाई अनुसार 1243 वर्ग मीटर व खसरा संख्या 291 रकबा 9.90 हैक्टेयर में से 1325 वर्ग मीटर व खसरा संख्या 285 रकबा 0.70 हैक्टेयर में से 460 वर्गमीटर रास्ता प्रार्थीगण के खेत खसरा संख्या 286 में आवागमन हेतु राजस्व रेकर्ड में कटाण रास्ता दर्ज कर उपरोक्तानुसार अप्रार्थीगण के खाता में से भूमि कम की जाकर रेकर्ड दुरूस्ती कर पालना रिपोर्ट पेश करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर [illegible] से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। (प्रमोद कुमार) उपखण्ड अधिकारी सांचौर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2024.08.14 11:57:58 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner